तापमान
अधिकतम 30.9°c
न्यूनतम 24.0°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

11 हरियाणा की खेल नीति दूसरे राज्यों के लिए बनी रोल...



11 नेशनल ओपन सीनियर एथलेटिक्स में धर्मबीर ने...



रोजाना 3 से 8 घंटे मोबाइल पर बिता रहे युवा, शारीरिक गतिविधि घटने से हर चौथा व्यक्ति बीमार

लाइक्स और कमेंट से खुद का आकलन बढ़ा रहा रिश्तों में दूरी डिप्रेशन-एंग्जाइटी के साथ मोटापे और बीपी-शुगर का भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मोबाइल की स्क्रीन पर सैकड़ों दोस्त, सोशल मीडिया पर हजारों फॉलोअर्स और हर नई पोस्ट पर लाइक्स का इंतजार। इसके बावजूद जब मन परेशान हो तो अपनी बात साझा करने के लिए कोई करीबी न मिले, तो यह स्थिति युवाओं को भीतर से अकेला कर सकती है। डिजिटल दुनिया में बढ़ते संपर्क के बीच वास्तविक रिश्तों में दूरी और भावनात्मक जुड़ाव की कमी मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन रही है। युवा अब अपनी लोकप्रियता का आकलन भी लाइक्स, कमेंट और फॉलोअर्स की संख्या से करने लगे हैं। उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया न मिलने पर वे खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं। लंबे समय तक ऐसा अकेलापन डिप्रेशन, एंग्जाइटी और सामाजिक दूरी जैसी परेशानियों का खतरा बढ़ सकता है। चार में से एक व्यक्ति ऐसे अकेलेपन से पीड़ित पाया जा रहा है।

हेल्थ अलर्ट

ऑनलाइन संपर्कों में भावनात्मक जुड़ाव का अभाव

पीजीआईएमएस के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. हितेश खुराना के अनुसार, सोशल मीडिया लोगों से जुड़ने के अवसर तो बढ़ाता है, लेकिन ऑनलाइन संपर्क हमेशा भावनात्मक जुड़ाव में नहीं बदलता। इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और फेसबुक पर दूसरों की तस्वीरें, उपलब्धियां और जीवनशैली देखकर युवा अपनी जिंदगी की तुलना उनसे करने लगते हैं। लगातार दूसरों को बेहतर स्थिति में देखकर उनमें असंतोष पैदा हो सकता है। वहीं, मोबाइल पर लगातार स्क्रॉल करने के कारण परिवार और दोस्तों के साथ आमने-सामने बातचीत का समय भी घट जाता है। धीरे-धीरे यही आदत वास्तविक रिश्तों में दूरी बढ़ा सकती है। युवाओं पर अच्छे अंक हासिल करने, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने, नौकरी पाने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का दबाव रहता है। तेजी से बदलती जीवनशैली, बार-बार जगह बदलना, बुलिंग, भेदभाव, पारिवारिक तनाव और भावनात्मक सहयोग की कमी भी उन्हें अलग-थलग महसूस करा सकती है। अत्यधिक मोबाइल इस्तेमाल का असर केवल मानसिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। मनोरंजन और समय बिताने के लिए मोबाइल पर निर्भरता बढ़ने से कई युवा रोजाना तीन से आठ घंटे तक बैठे-बैठे गुजार देते हैं। शारीरिक गतिविधियां कम होने से मोटापा, उच्च रक्तचाप और टाइप-2 डायबिटीज जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।



मोबाइल की लत से शरीर भी हो रहा बीमार

अत्यधिक मोबाइल इस्तेमाल का असर केवल मानसिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। मनोरंजन और समय बिताने के लिए मोबाइल पर निर्भरता बढ़ने से कई युवा रोजाना तीन से आठ घंटे तक बैठे-बैठे गुजार देते हैं। शारीरिक गतिविधियां कम होने से मोटापा, उच्च रक्तचाप और टाइप-2 डायबिटीज जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। भारतीय युवाओं के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि लंबे समय तक निष्क्रिय रहना और असंतुलित दिनचर्या स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। मोबाइल का अनुशासित इस्तेमाल, नियमित व्यायाम और खेलकूद जैसी गतिविधियां इस जोखिम को कम करने में मदद कर सकती हैं।

अकेलेपन के संकेतों को नजरअंदाज न करें

लंबे समय तक अकेलापन महसूस करने वाले युवाओं में उदासी, निराशा, चिड़चिड़ापन, नींद की परेशानी और लोगों से मिलने-जुलने में अरुचि जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। कुछ युवा भावनात्मक परेशानी से बचने के लिए गेमिंग और मोबाइल का अत्यधिक इस्तेमाल करने लगते हैं, जबकि कुछ नशीले पदार्थों का सहारा लेने लगते हैं। इससे समस्या और गंभीर हो सकती है। लगातार अकेलापन और सामाजिक सहयोग की कमी खुद को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या से जुड़े विचारों के जोखिम से भी संबंधित हो सकती है। हालांकि, अकेलापन महसूस करने वाले हर व्यक्ति को मानसिक बीमारी नहीं होती। परेशानी लंबे समय तक बनी रहे और पढ़ाई, कामकाज या रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित होने लगे, तो मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है।

ये का समाधान

विशेषज्ञों के अनुसार, अकेलेपन से निपटने के लिए परिवार और दोस्तों की बात बिना आलोचना किए सुननी चाहिए। खेलकूद, व्यायाम, संवाद, भावनात्मक सहयोग और सक्रिय दिनचर्या अपनाकर युवा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

इन आदतों से मोबाइल की निर्भरता करें कम

- कोई जरूरी काम करते समय फोन दूर रखें। बार-बार स्क्रीन देखने से बचें।
- हर नोटिफिकेशन पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय केवल जरूरी संदेशों और कॉल पर ध्यान दें।
- दूर रहने वालों से बातचीत के लिए ही फोन का इस्तेमाल करें, आसपास मौजूद लोगों से मिलने खुद जाएं।
- रील देखने की आदत सीमित करें। मनोरंजन के लिए समय तय करें।
- डिजिटल वेलबीइंग से विभिन्न एप प्रयोग की अवधि निर्धारित करें।
- रात को सोने से पहले फोन प्रयोग बंद करने का निश्चित समय रखें। सोते समय फोन को बिस्तर से दूर रखें।
- ऑफिस टाइम के बाद गैर-जरूरी कामकाजी कॉल और संदेशों से बचें।

शहर में आज

- लघु सचिवालय में समाधान शिविर सुबह 10 बजे
- पुरानी आईटीआई में रामलीला का मंचन रात 9 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

खबर संक्षेप

गवर्नमेंट कॉलेज महम में फिटनेस कम्पीटिशन आज

महम। सेवा संकल्प अभियान के तहत 12 अक्टूबर को सुबह 9 बजे राजकीय महाविद्यालय महम के ऑडिटोरियम में फिटनेशन कम्पिटिशन आयोजित किया जाएगा। प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने बताया कि अर्जुन अवाड़ी कबड्डी खिलाड़ी दीपक निवास हुड्डा समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान रस्सी कूद, स्टापू, लंगड़ी टांग, पिट्ठू, पुश अप एंड सीट अप प्रतियोगिताएं होंगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अश्वनी सैनी होंगे।

बहलबा में दंपति पर हमला तीन के खिलाफ केस दर्ज

महम। महम थाना क्षेत्र के गांव बहलबा में दंपति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन पर केस दर्ज किया है। बहलबा बुचाण निवासी संदीप पुत्र राम सिंह ने पुलिस को बताया कि गत दिवस सुबह साढ़े सात बजे वह भैंसों को प्लॉट में बांधने के लिए घर से जा रहा था। गली में पीछे से दीपक और मोहित ने उस पर हमला कर दिया। इसी दौरान उनकी मां शीला भी वहां पहुंच गई। शोर सुनकर आई संदीप की पत्नी भतेरी के साथ शीला ने मारपीट की। संदीप के बेटे राहुल और पड़ोसियों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। राहुल ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने दीपक, मोहित व शीला पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शौचालयों पर ताले, करोड़ों के टेंडर पर बवाल; अब हाउस मीटिंग में घेरेंगे पार्षद

15 पार्षद आयुक्त को पत्र लिखकर ठेका रद्द करने की मांग उठा चुके, सीएम तक पहुंची शिकायत; 22 को गरमा सकता है मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में सार्वजनिक शौचालयों की बदहाल व्यवस्था और उनकी सफाई व रखरखाव के लिए दिए जाने वाले दो करोड़ रुपये से अधिक के टेंडर को लेकर नगर निगम में विवाद गहराता जा रहा है। एक ओर शहर के कई शौचालयों में पानी, बिजली और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, वहीं दूसरी ओर ठेके की व्यवस्था पर पार्षद सवाल उठा रहे हैं।

करीब 15 पार्षद नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर मौजूदा सफाई ठेका रद्द करने और वार्डवार टेंडर जारी करने की मांग कर चुके हैं। शौचालयों की बदहाली को लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत पहुंचने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ऐसे में 22 अक्टूबर को होने वाली नगर निगम हाउस की बैठक में यह मुद्दा गरमा सकता है।



शहर के व्यस्त एक रुपया चौक के शौचालय में पानी तक नहीं

शहर के व्यस्त एक रुपया चौक पर नगर निगम की ओर से बनाए गए सार्वजनिक शौचालय में पानी की सुविधा नहीं होने की शिकायत है। स्थानीय लोगों के अनुसार शौचालय के अंदर सामान टूटा पड़ा है और बिजली कनेक्शन से संबंधित बोर्ड भी लटक रहा है। एक रुपया चौक पर दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। आसपास बड़ी संख्या में दुकानें होने के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को भी सार्वजनिक शौचालय की जरूरत पड़ती है। शौचालय के पास ही पुलिस चौकी भी स्थित है। ऐसे व्यस्त स्थान पर पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। अब 22 अक्टूबर को होने वाली हाउस की बैठक में शौचालयों की बदहाली, टेंडर की व्यवस्था और पार्षदों की मांग प्रमुख मुद्दे बन सकते हैं। पार्षदों के पत्र, मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत और जमीनी स्तर पर सामने आ रही समस्याओं के बीच निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। बैठक में इस मुद्दे पर तीखी बहस होने की संभावना है। हालांकि, बैठक में हंगामा होगा या नहीं, यह पार्षदों के रुख और चर्चा के दौरान सामने आने वाले घटनाक्रम पर निर्भर करेगा।



कहीं पानी नहीं, कहीं टूटे पड़े हैं सामान

पार्षदों का कहना है कि पूरे शहर के सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और देखरेख का जिम्मा एक ही टेंडर के तहत देने से व्यवस्था की प्रभावी निगरानी नहीं हो पा रही है। उनका मानना है कि प्रत्येक वार्ड के शौचालयों के लिए अलग-अलग टेंडर होने से संबंधित ठेकेदार की जिम्मेदारी तय की जा सकेगी और सफाई, मरम्मत व अन्य सुविधाओं पर बेहतर निगरानी रखी जा सकेगी। इसी मांग को लेकर पार्षद आयुक्त को पत्र लिख चुके हैं। अब हाउस की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा और अधिकारियों से जवाब मांगने की संभावना है। शहर के सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। झज्जर रोड पर जैन जति के पास बने सार्वजनिक शौचालय की हालत को लेकर लोगों ने चिंता जताई है। इसी तरह सुभाष नगर स्थित सुभाषचंद्र पार्क के शौचालय में भी अव्यवस्थाओं की शिकायत है। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक शौचालय आमजन की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन नियमित सफाई और देखरेख नहीं होने से इनका इस्तेमाल करना मुश्किल हो रहा है। कई स्थानों पर जरूरी सामान टूटा पड़ा है, जबकि कुछ शौचालयों में बिजली और रोशनी की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। दिन के समय भी कई शौचालयों पर ताले लटके रहने की शिकायतें सामने आई हैं।

अधिकारियों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप, लोग हो रहे परेशान

समाजसेवी जसबीर कुमार, अमन, रोहित, जयपाल समेत अन्य लोगों का कहना है कि एक रुपया चौक स्थित शौचालय की समस्याओं को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री के समक्ष भी शिकायत रखी गई है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों की ओर से सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। लोगों का सवाल है कि जब शौचालय में पानी ही उपलब्ध नहीं होगा तो आमजन उसका इस्तेमाल कैसे कर पाएंगे। लोगों का कहना है कि केवल सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कर देना पर्याप्त नहीं है। उनकी नियमित सफाई, समय पर मरम्मत, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी नगर निगम की जिम्मेदारी है। इसके अलावा दिन के समय भी कई शौचालयों पर ताले लगे रहने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

निरीक्षण करवाए प्रशासन

पुराने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी जसबीर कुमार ने बताया कि शहर के कई सार्वजनिक शौचालयों में जरूरी सामान की कमी है। कहीं नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होती तो कहीं रोशनी की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से मांग की कि शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करवाया जाए और जहां भी कमियां मिलें, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और रखरखाव को लेकर दो करोड़ रुपये से अधिक के टेंडर पर पहले से विवाद चल रहा है। पार्षदों का कहना है कि जब शहर के शौचालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और सफाई संबंधी शिकायतें सामने आ रही हैं तो मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए। इसी आधार पर वे सफाई ठेका रद्द कर वार्डवार टेंडर जारी करने की मांग कर रहे हैं।

पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, मां की मौत; बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम गोहाना रोड पर खेड़ी महम गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मां बेटा मोटर साइकिल पर सवार होकर घर आ रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही एक पिक अप गाड़ी ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस को दिए बयान में खेड़ी महम गांव निवासी मंगल पुत्र रमेश ने बताया कि शाम को करीब साढ़े 6 बजे उसका भाई वजीर व उसकी मां संतोष डीलक्स मोटर साइकिल पर सवार होकर खेत से घर पर आ रहे थे। जब वे एचपी पेट्रोल पंप से थोड़ा आगे महम की ओर पहुंचे पीछे से आ रहे एक पिक अप डाला ने बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए मां बेटा को उपचार के लिए महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसके भाई को रोहतक के सरकारी अस्पताल में और उसकी मां को रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मां संतोष की मौत हो गई। पिक अप डाला के चालक ने लापरवाही व गफलत से अपने वाहन को चलाते हुए यह एक्सीडेंट किया है। चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने इस संबंध में पिक अप ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

- बाइक पर खेत से घर लौटते वक्त खेड़ी महम गांव में हादसा

एशियन गेम्स में सिल्वर जीतकर लौटी आशिमा को चौबीसी रत्न से नवाजा



रोहतक। गांव खरकड़ा की अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज आशिमा अहलावत के एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने पर गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गांव के गणमान्य लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने आशिमा को सम्मानित कर उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई। इस दौरान चौबीसी सर्वखाप पंचायत की ओर से उनको चौबीसी रत्न से नवाजा गया। ग्रामीणों ने कहा कि आशिमा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर गांव, क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। आशिमा के स्वागत में ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला। इस दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि है। आशिमा ने अपने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता गांव के अन्य युवाओं, विशेषकर खेलों में रुचि रखने वाली बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। ग्रामीणों ने आशा जताई कि आशिमा भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए और पदक जीतेंगी। स्वागत समारोह में पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा, स्थानीय नेता शमशेर खरकड़ा की पत्नी राधा अहलावत, खाप प्रधान धज्जाराम गोयत, पंचायत प्रवक्ता काला बहलबा, तपा प्रधान भीम सिंह राठी, खानिन्द्राना तपा प्रधान चांद राम राठी, लाखन माजरा तपा प्रधान बलबीर राठी, दलबीर सरपंच भराण, अश्वनी, सुरेश मास्टर, सतपाल अहलावत सरपंच, ओम सरपंच (पहलवान), संजय राठी, वेदपाल राठी, शौकी राठी, अशोक राठी, सुमित अहलावत, कृष्ण अहलावत, हवा सिंह, पूर्व सरपंच, शमशेर, बबलू मास्टर, दलबीर डॉक्टर, विजय मास्टर, सतबीर फौजी, बलवान फौजी, धीरपाल, रामफल, कुलदीप वकील सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। पर्यावरण संरक्षण टीम, गांव के अखाड़ों के सदस्यों तथा गांव के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने भी आशिमा को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आंगनबाड़ी के नाम पर घर से निकली महिला डेढ़ साल के बेटे सहित लापता

- पति की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण संबंधी धाराओं में दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

निकटवर्ती गांव से एक महिला अपने डेढ़ साल के बेटे सहित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला 7 अक्टूबर को आंगनबाड़ी जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर मां-बेटे की तलाश की, मगर उनका कोई सुराग नहीं लगा।

इसके बाद महिला के पति ने खरावड़ पुलिस चौकी में शिकायत देकर किसी अनजान व्यक्ति पर पत्नी और बेटे को छिपाकर रखने का शक जताया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप ने बताया कि वह वाहन चलाने का काम करता है और उसके दो बेटे हैं। सात अक्टूबर को उसकी पत्नी अपने बड़े बेटे को साथ लेकर आंगनबाड़ी जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे।

प्रदीप के अनुसार, उसने और परिवार के अन्य सदस्यों ने अपने स्तर पर पत्नी और बेटे की तलाश की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। उसे आशंका है कि किसी अनजान व्यक्ति ने उसकी पत्नी और बेटे को किसी अज्ञात स्थान पर छिपाकर रखा हुआ है। नौ अक्टूबर को उसने खरावड़ पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दी। शिकायत मिलने पर प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज किया गया।

मां के समर्थन से हासिल किया विश्व चैंपियन का मुकाम

परिवार से छिपकर शुरू की बॉक्सिंग, आज रेलवे में सुपरिटेंडेंट और रिंग क्वीन है ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ऑल इंडिया इंटर रेलवे बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रोहतक की बेटी ज्योति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता असम में आयोजित की गई। ज्योति गांव रुड़की में शहीद बैतून सिंह स्टेडियम में कोच विजय हुड्डा के पास अभ्यास करती है। कोच विजय हुड्डा ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। एक समय था, जब ज्योति किसी को बताए बगैर स्टेडियम में बॉक्सिंग का अभ्यास करती थी। बॉक्सिंग सीखने का सिर्फ मां को पता था। मां ने उसका हर तरह से साथ दिया। बेटी ने भी मां का हाथ थामा और विश्व चैंपियन बनकर खुद को साबित किया।

ज्योति ने बताया कि स्टेडियम में घूमने जाती थी। एक दिन उसने बॉक्सिंग में खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन करते, पदक जीतते और फिर स्कूल में सम्मानित होते देखा तो उसके मन में भी एक सपना जागा। वर्ष 2012 में जब बॉक्सिंग खेलना शुरू किया। मां ने कहा कि अपने खेल पर ध्यान दे।

मां ने कहा- तू आगे बढ़ बेटी, तेरे पीछे मैं खड़ी हूं



ज्योति ने बताया कि मैं परिवार में और किसी को बिना बताए खेलने जाती रही। 2012 में ही स्कूली स्टेट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पूरे परिवार को बॉक्सिंग खेलने का पता चला। इसके बाद भी पिता व चाचा मना करते थे। उन्हें लगता था कि बॉक्सिंग लड़कियों का खेल नहीं है। फिर भी मां ने ही हौसला बढ़ाया। मां ने कहा कि तू आगे बढ़ बेटी, तेरे पीछे मैं खड़ी हूं। ज्योति ने बताया कि अगर मां सपोर्ट नहीं करती तो आज वर्ल्ड चैंपियन नहीं बन पाती और न ही खेल पाती। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रेलवे में ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत हूं।

ज्योति की उपलब्धियां

2017 में यूथ नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड, 2017 में ही यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीता। 2018 में यूथ ओलंपिक में भाग लिया। 2019 में सीनियर नेशनल में गोल्ड जीता। सीनियर नेशनल में 2021 कांस्य, 2022 में रजत व 2023 में गोल्ड जीता। 2024 में ब्रिक्स गेम्स में रजत पदक जीता। 2022 एलोर्डा कप में कांस्य पदक जीता।

शुगर मिल में 5,400 से 5,500 रुपये प्रति क्विंटल हुए रेट

फिर महंगी हुई मिठास, खुदरा बाजार में 65 रुपये किलो तक पहुंचे चीनी के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारों के बीच चीनी के भाव में एक बार फिर तेजी आने लगी है। रोहतक शुगर मिल में चीनी का भाव 5,400 से 5,500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया है। इस पर पांच प्रतिशत जीएसटी जोड़ने के बाद थोक खरीदार को 5,670 से 5,775 रुपये प्रति क्विंटल चुकाने पड़ रहे हैं। थोक खरीदार का मार्जिन और खुदरा विक्रेता का मुनाफा जुड़ने के बाद बाजार में ग्राहकों को चीनी 62 से 63 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव मिल रही है। कुछ दुकानदार तो 65 रुपये किलो तक वसूल रहे हैं। त्योहारों में मांग बढ़ने के साथ भाव में और तेजी आने की आशंका है। शुगर मिल प्रबंधन के मुताबिक, आने वाले दिनों में चीनी के रेट और बढ़ सकते हैं। ऐसे में आशंका है कि करीब डेढ़ महीने पहले चीनी के जो भाव थे, बाजार में रेट उनसे भी ऊपर जा सकते हैं।

जानें... कैसे ग्राहक तक पहुंचती है चीनी

रोहतक शुगर मिल में मौजूदा भाव के अनुसार थोक खरीदार को जीएसटी सहित प्रति क्विंटल 5,670 से 5,775 रुपये देने पड़ रहे हैं। इस हिसाब से जीएसटी सहित मिल से खरीद की लागत 56.70 से 57.75 रुपये प्रति किलोग्राम बैठती है। इसके बाद थोक कारोबारी से खुदरा दुकानदार का मार्जन जोड़ने पर ग्राहकों को चीनी 62 से 63 रुपये प्रति किलो के भाव मिल रही है, जबकि कुछ दुकानों पर इसका रेट 65 रुपये किलो तक पहुंच गया है। अलग-अलग दुकानों पर कीमत में अंतर खरीद दर, परिवहन, पैकिंग और कारोबारी मार्जिन के कारण हो सकता है।

डेढ़ माह पहले भी उछले थे दाम

करीब डेढ़ महीने पहले भी चीनी के भाव काफी ऊंचे स्तर पर पहुंच गए थे। उस समय रोहतक शुगर मिल में चीनी का भाव 6,050 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया था। इस पर पांच प्रतिशत जीएसटी जोड़ने के बाद कीमत 6,352.50 रुपये प्रति क्विंटल हो जाती थी। यानी मिल से खरीद के स्तर पर ही चीनी की लागत करीब 63.53 रुपये प्रति किलोग्राम बैठ रही थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए 10 लाख मीट्रिक टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी। इस फैसले के बाद बाजार में भाव घटकर करीब 4,650 रुपये प्रति क्विंटल तक आ गए थे।

त्योहार पर मांग बढ़ने से आ सकती है और तेजी

अब एक बार फिर मिल में चीनी का भाव 5,400 से 5,500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचने से खुदरा बाजार पर असर पड़ रहा है। त्योहारों के दौरान मिठाइयों और घरेलू इस्तेमाल के लिए चीनी की मांग बढ़ती है। ऐसे में मांग और आपूर्ति के बीच अंतर बढ़ने पर कीमतों में और उछाल आ सकता है। मिल प्रबंधन के अनुसार, मौजूदा रुझान को देखते हुए आने वाले दिनों में भाव और बढ़ने की आशंका है। यदि तेजी जारी रहती है तो खुदरा बाजार में चीनी की कीमत करीब डेढ़ महीने पहले के ऊंचे स्तर को भी पार कर सकती है। इससे त्योहारों के दौरान मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की लागत पर भी असर पड़ सकता है।


रोहतक। पुरानी आईटीआई ग्राउंड में आयोजित रामलीला में भगवान विष्णु को माला पहनाते हुए।

नारद मोह और वेदवती-रावण संवाद का मंचन

पुराना आईटीआई ग्राउंड में श्री रामलीला उत्सव कमेटी, न्यू श्री रामलीला कमेटी ने पटेल नगर और श्री प्राचीन रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से की जा रही रामलीला में मंचन करते भव्य कलाकार, भगवान श्रीराम और हनुमान के जयकारों से गूंज उठा पूरा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुरानी आईटीआई मैदान, सर्कुलर रोड पर आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले के दूसरे दिन नारद मोह और वेदवती-रावण संवाद का प्रभावशाली मंचन किया गया। मुंबई से आए कलाकारों ने आकर्षक वेशभूषा, दमदार संवादों और शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नारद मुनि के अहंकार और भगवान विष्णु की लीला के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्ति, विनम्रता और सदाचार का संदेश दिया। इस दौरान पूरा पंडाल भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा। मुख्य निर्देशक लीलाधर के निर्देशन में कलाकारों ने नारद मोह की लीला का मंचन किया। इसके बाद हनुमान जी की संगीतमय महाआरती की गई।


न्यू श्री रामलीला कमेटी पटेल नगर की ओर से आयोजित रामलीला मंचन के दौरान पटेल नगर रामलीला में सजा सुबाहु-मारीच का दरबार।

श्री रामलीला उत्सव कमेटी के मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ तिजारा से विधायक व बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ के सान्निध्य में हुआ। सम्पूर्ण सिंह ने उद्घाटन किया। समाजसेवी एवं उद्योगपति सुरेन्द्र जैन, गौतम जैन, विकास बंसल, संजय बंसल और विकास बिंदल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य संरक्षक राजेश जैन और कमेटी प्रधान सुभाष तायल ने शुरुआत की।

पंजाबी रामलीला क्लब में सीता स्वयंवर की तैयारियां शुरू

पंजाबी रामलीला क्लब में रामलीला मंचन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी का स्वरूप धारण कर कलाकार ने रिहर्सल की और प्रभु श्रीराम की आरती की। इसके बाद सीता स्वयंवर के प्रसंग के मंचन की तैयारियां शुरू की गईं।

एक ईंट और एक रुपया सामाजिक सहयोग और समानता का प्रतीक

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। महंत बालकनाथ सहित अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और महाआरती में भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की एक ईंट और एक रुपये की परंपरा सामाजिक सहयोग, समानता और जरूरतमंदों की सहायता का प्रतीक है। मंच संचालन सतीश भारद्वाज और विजय गुप्ता बाबा ने किया।



श्री प्राचीन सोसायटी में रामलीला मंचन शुरू

श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी में रविवार से रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। पहले दिन भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित धार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया। रामलीला को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। आयोजन के माध्यम से दर्शकों को मर्यादा, सत्य, धर्म और आदर्श जीवन का संदेश दिया जाएगा।



कर्मों के अनुसार ही मिलता है व्यक्ति को सुख और दुःख : स्वामी सच्चिदानंद

रोहतक। आर्य पारिवारिक सत्संग सभा के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय चतुर्वेद शतकम विशिष्ट यज्ञ का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन राजस्थान से आए मुख्य वक्ता स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि जैसे हजारों गायों में बछड़ा अपनी मां को पहचान लेता है, उसी प्रकार किया हुआ कर्म भी अपने कर्ता को खोज लेता है। सृष्टि में विचित्रता का कारण कर्मों की विचित्रता है।

- किया हुआ कर्म अपने कर्ता को स्वंय खोज लेता है : स्वामी

उन्होंने कहा कि ईश्वर कर्मों के अनुसार सुख-दुःख प्रदान करते हैं और धर्म के पालन से सुख की प्राप्ति होती है। इससे पहले यज्ञ ब्रह्मा आचार्य शक्तिदेव ने सामवेद और अथर्ववेद के मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वेद के सौ-सौ मंत्रों के साथ आहुतियां दी गईं। अग्निहोत्र से शरीर की पुष्टि और दीर्घायु प्राप्त होती है, इसलिए इसे जीवनभर करना चाहिए।जालंधर से आए भजन उपदेशक पंडित राजेश अमर प्रेमी ने भजनों के माध्यम से ईश्वर भक्ति का संदेश दिया। मंच संचालन मंत्री सचिन दुआ ने किया। सभा की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पवनजीत आर्य, वरिंदर सहगल, संजीव सचदेवा, सतीश आर्य, हितेश मदान, संदीप काहनी, सुनील आर्य, संजय कथूरिया और अंकुर अरोड़ा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

पाड़ा मोहल्ला के प्राचीन माता मंदिर में मां शैलपुत्री की अराधना

शारदीय नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने माता के चरणों में शीश नवाकर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व का शुभारंभ रविवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन पाड़ा मोहल्ला स्थित प्राचीन माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान के साथ पूजा की गई। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और बेहतर भविष्य की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।


रोहतक। प्राचीन माता मंदिर में पूजा-अर्चना करते उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज व पंडित।

पहले नवरात्र पर उमड़ी भारी भीड़

स्वामी कपिल पुरी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए मां भगवती से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आस्था, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। विशेष पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भक्तों ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और पूजा में भाग लिया। मंदिर समिति के पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। नवरात्र के पहले दिन प्राचीन माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और गूंजते जयकारों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।



दुर्गा भवन मंदिर में लगे माता के जयकारे

दुर्गा भवन मंदिर में शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। जय माता दी के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।

मां की उपासना से शक्ति का संचार : कपिलपुरी

मंदिर में उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज ने धार्मिक परंपराओं के अनुसार मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। उन्होंने श्रद्धालुओं को मां के प्रथम स्वरूप के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया। स्वामी कपिल पुरी महाराज ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना का विशेष महत्व है। मां की उपासना से व्यक्ति के जीवन में दृढ़ता, स्थिरता, साहस और शक्ति का संचार होता है। श्रद्धालुओं को सच्चे मन और पूरी श्रद्धा के साथ मां की पूजा करनी चाहिए।

न्यूज डायरी

अग्रसेन जयंती पर लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



रोहतक। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सेवा और समर्पण संस्था की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान अटूट भंडारे के साथ रक्तदान, नेत्र जांच, दंत जांच और कैंसर जांच शिविर लगाए गए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, राजेश जैन, रामभगत गर्ग, दिनेश गुप्ता, विजय टायल, गौतम जैन, शीतला माता मंदिर के महंत थानेश्वर दास उदासी, महामंडलेश्वर बाबा करणपुरी जी महाराज और अबूताजी नंद महाराज आदि रहे।

बद्री केदार रामलीला भवन में नवरात्र पाठ शुरू



रोहतक। रविवार को श्री बद्री केदार रामलीला समिति भवन में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नौ दिवसीय पाठ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पंडित ख्याली दत्त ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां शैलपुत्री की आराधना की और कलश स्थापना की। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान प्रेम सिंह साजवान, महासचिव गणेश दत्त, उपप्रधान चंदू लाल, सहसचिव रघुवर दत्त, कोषाध्यक्ष राकेश बिष्ट और गढ़वाल सभा के प्रधान मनोज शर्मा मौजूद रहे। इनके अलावा प्रताप सिंह, कृष्ण चंद्र, मंगल भंडारी, कुलदीप उनियाल, सुनील और विनोद राणा सहित अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया।

छात्रों ने पोस्टर बनाकर दिया नशामुक्ति का संदेश



रोहतक। गांव कंसाला स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सेवा संकल्प अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत श्री श्री स्कूल ऑफ योग (द आर्ट ऑफ लिविंग) के सहयोग से 14 दिवसीय निःशुल्क ऑनलाइन योग एवं नशा मुक्ति संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

कुमाऊं सभा ने नवरात्रि पर निकाली कलश यात्रा



रोहतक। कुमाऊं सभा रोहतक द्वारा नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा (भक्ति-ज्ञान यज्ञ) का भव्य आयोजन रविवार से कुमाऊं सामुदायिक भवन एवं राम मंदिर, एकता कॉलोनी, रोहतक में शुरू हो गया है। कार्यक्रम के पहले दिन आज सुबह 10:00 बजे श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर भाग लिया। कलश यात्रा के तुरंत बाद सुबह 11:00 बजे मां दुर्गा पाठ का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन कथाव्यास आचार्य स्वामी दिव्यानन्द पुरी (डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी गोहाना वाले) ने व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को निहाल किया।



खरखौदा जनसभा में सांपला मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

सांपला। खरखौदा में विधायक पवन कुमार खरखौदा की ओर से आयोजित सेवा संकल्प जनसभा में गढ़ी सांपला मंडल के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं, आमजन और महिलाओं से संवाद किया। जनसभा के दौरान 108 जरूरतमंद बेटियों को वाशिंग मशीन वितरित की गईं। कार्यक्रम में सेवा, जनकल्याण और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर गढ़ी सांपला मंडल के महामंत्री राज सिंह अंबेडकर, मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री, महामंडलेश्वर स्वामी विद्या स्वरूप महाराज, मंडल उपाध्यक्ष श्रीनिवास सैनी व मुकेश देवी, मंडल सचिव मनीष कौशिक व रमेश देशवाल, सरपंच प्रतिनिधि एवं बूथ अध्यक्ष ऋषिराम कौशिक सहित रोहतास सैन, ज्ञान सिंह सैनी और रोहतास सैनी मौजूद रहे। सांपला मंडल के कार्यकर्ताओं ने जनसभा में भाग लेकर संगठन के प्रति अपनी सक्रियता दिखाई।

छठ पूजा की तैयारियों को लेकर घाट पर सफाई अभियान प्रारंभ

रोहतक। पूर्वांचल एकता सेवा समिति रजिस्टर्ड रोहतक की सार्वजनिक बैठक रविवार को नहर स्थित छठ घाट पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान संजीव सिंह ने की। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और छठ पूजा की तैयारियों को लेकर अपने विचार रखे। बैठक में छठ पूजा के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जो पूजा से संबंधित सभी गतिविधियों और व्यवस्थाओं की निगरानी करेगी। इसके साथ ही छठ घाट पर सफाई अभियान भी शुरू कर दिया गया है। समिति के अनुसार, इस बार सरकार की ओर से भी एक महीने पहले ही सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे तैयारियों को समय पर पूरा किया जा सके। प्रधान संजीव सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को संबोधित किया और सहयोग की अपील की। बैठक में सुबोध ठेकदार, दिनेश कुमार सिंह, किशोर वर्मा, रमाकान्त यादव, नरेंद्र भारद्वाज, वेद प्रकाश पाण्डेय, अनुज कुमार, राहुल कुमार, संजय कुमार, मनोज कुमार, कपिल देव ठेकदार, रामधनी, योगेंद्र और बबलू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को बोलने की क्लास दे, मर्यादा में रहकर बोले : बत्रा

रोहतक। मातूराम कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता पर निशाना साधा। कांग्रेस विधायक एवं पूर्व शिक्षामंत्री गीता भुक्कल ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के हर संवाद में अराजकता फैलाने वाली बातें होती हैं। वह कड़वे बोल बोलती हैं और जाति-धर्म के नाम पर टिप्पणियां करती हैं। वहीं, विधायक बीबी बत्रा ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को पहले बोलने की क्लास दी जानी चाहिए और उन्हें मर्यादा में रहकर बात करना सिखाना चाहिए। विधायक बीबी बत्रा ने कहा कि सरकार युवाओं और विपक्ष की आवाज नहीं दबा सकती। उन्होंने वोट चोरी के आरोपों का उल्लेख करते हुए प्रपत्र छह में संशोधन और मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से पूछा कि प्रदर्शन के लिए अनुमति लेने और तंबू लगाने के नियम क्या हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को ऐसी अनुमति आसानी से नहीं मिलती, जबकि सत्तापक्ष के कार्यक्रमों पर अलग रवैया अपनाया जाता है। गीता भुक्कल ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को बताना चाहिए कि युवाओं को सड़कों पर उतरने की जरूरत क्यों पड़ रही है। सरकार भर्तियां नहीं निकाल रही, ऐसे में युवा कहां जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार के अवसर नहीं मिलने के कारण युवा मजबूर होकर डंकी के रास्ते विदेश जा रहे हैं। बाद में उन्हें हथकड़ियां लगाकर वापस भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहा है और महाभियोग लाने की तैयारी कर रहा है। उनके अनुसार, दिल्ली में प्रदर्शन रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।



साक्षी मलिक कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बांधा समां

महम। साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अन्नू डांगी तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू नैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी लोक नृत्य, सुगम संगीत, कविता पाठ, भाषण एवं अन्य विधाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में वर्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत प्रतियोगिता बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजलि ने अपनी मधुर गायकी से प्रथम स्थान हासिल किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रिया ने पंजाबी कविता पाठ में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में सरिता ने अपने ओजस्वी और प्रभावशाली वक्तव्य से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विशेष प्रदर्शन पुरस्कार बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र भूपेंद्र को उनकी उत्कृष्ट और विशेष प्रस्तुति के लिए 'स्पेशल परफॉर्मर' के पुरस्कार से नवाजा गया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक सोनिया सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की।



दूहन इंस्टीट्यूट में छात्रों को दी करियर की जानकारी

रोहतक। आकाशदीप दूहन साइंस इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों कोकरियर के अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से करियर फेयर 2026 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एजुकेटर इंडिया के सहयोग से संस्थान के निदेशक डॉ. अशोक दुहन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दूहन पब्लिक स्कूल, जसिया के विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं की जानकारी हासिल की। निदेशक ने बताया कि "पाठ्यक्रमों को जानें, करियर के अवसर तलाशें और अपने भविष्य को आकार दें" के संदेश के साथ मेले का उद्देश्य युवाओं को बदलते व्यावसायिक परिदृश्य के प्रति जागरूक करना था।

जयंती | 18 घोड़ियों पर सवार राजकुमारों ने मोहा लोगों का मन

वैश्य महिला कॉलेज में हुआ सांस्कृति एवं सम्मान समारोह, श्रीकृष्ण-अर्जुन के रथ रहे आकर्षण का केंद्र

फूलों की वर्षा के बीच निकली महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा, दो हस्तियों को अग्र रत्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महाराजा अग्रसेन जयंती पर रविवार को रोहतक में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। फूलों की वर्षा, धार्मिक भजनों और महाराजा अग्रसेन के जयकारों के बीच पूरा शहर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। फूलों से सजे रथ पर विराजमान महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा, 18 घोड़ियों पर सवार राजकुमारों और देश के विभिन्न राज्यों से आई आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। बाजारों में जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। अग्रवाल समाज के लोगों ने एक जैसी वेशभूषा में शामिल होकर सामाजिक एकता का संदेश दिया। महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट एवं महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट की ओर से आयोजित समारोह की शुरुआत सुबह एक ईंट एक रुपया चौक पर ध्वजारोहण से हुई। महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी, महामंडलेश्वर राधेवेंद्र भारती और महंत बालकनाथ के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट चेयरमैन राजेश जैन, अजीत जालान, दिनेश कुमार जैन, पूर्व महापौर मनमोहन गोयल, अजय बंसल, सुरेंद्र जैन, राजेंद्र बंसल, हिमांशु ग्रोवर और विजय तायल ने भाग लिया। वैश्य महिला कॉलेज में सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां दो हस्तियों को अग्र रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। बेंगलुरु और मद्रास से मंगवाए गए रजनीगंधा, चमेली, चंदन और गुलाब के फूलों से महाराजा अग्रसेन का रथ सजाया गया था। आगरा, हांसी, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर से आई झांकियों में राम दरबार, भगवान शिव का तांडव, हनुमान, श्रीकृष्ण-अर्जुन का रथ आकर्षण का केंद्र रहे।



यात्रा में दिए सामाजिक संदेश, लगाई छबील

शोभायात्रा अग्रसेन मंदिर से शुरू होकर पुरानी अनाज मंडी, रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड, शांतमई चौक, छोटूराम चौक, सोहम मंदिर, भगवान महावीर पार्क और कोर्ट रोड से होते हुए डीएलएफ चौक पर संपन्न हुई। रास्ते में लोगों ने फल, लड्डू, हलवा, समोसे और मीठे पानी की छबील लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की। शोभायात्रा में बेटी बचाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, नशामुक्ति, जल संरक्षण और पॉलीथिन मुक्त पर्यावरण का संदेश देती झांकियां भी शामिल रहीं। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि समारोह में अग्रवाल समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी, पटका, मोतियों की माला और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

डांडिया से सजी आर्ट ऑफ लिविंग दुर्गा पूजा संध्या



रोहतक। रोहतक। आर्ट ऑफ लिविंग की रोहतक इकाई की ओर से प्रथम नवरात्र पर जेपी इंटरनेशनल स्कूल में दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ बेंगलुरु से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त आचार्यों ने वैदिक विधि-विधान के साथ दुर्गा होम कर किया। इसके बाद दिल्ली से आए आर्ट ऑफ लिविंग के युवा गायक अंकित चिटकारा ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संस्था की वरिष्ठ प्रशिक्षिका डॉ. अपर्णा बत्रा ने संस्थापक रविशंकर का नवरात्र संदेश साझा करते हुए कहा कि देवी शक्ति हमारे भीतर जीवन-शक्ति और चेतना के रूप में विद्यमान है। इस अवसर पर नवदीक्षित प्रशिक्षकों मोहित और सरोज का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और पुरुषों ने डांडिया नृत्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में ध्रुव शर्मा, गरिमा, संजय गुप्ता, मीनाक्षी, रोशनी, विनीत, प्रियंका ग्रेवाल और अन्य स्वयंसेवकों ने सहयोग दिया।

वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मबीर हुड्डा की माता का निधन

रोहतक। जाट शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मबीर हुड्डा की माताजी किताबो देवी (76) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। गांव रुड़की में उनका अंतिम संस्कार किया गया। हुड्डा परिवार के पैतृक गांव रुड़की में 19 अक्टूबर, सोमवार को उनकी तेरहवीं की रस्म आयोजित की जाएगी। किताबो देवी के निधन पर सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया।



20वीं राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप के समापन समारोह में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

एशियन गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते 51 पदक, इनमें 14 गोल्ड शामिल

हरियाणा की खेल नीति दूसरे राज्यों के लिए बनी रोल मॉडल: श्रुति चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति दूसरे राज्यों के लिए रोल मॉडल बन चुकी है। राज्य सरकार की प्रगतिशील खेल नीति, खिलाड़ियों की लगन और अनुशासन के परिणामस्वरूप प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। श्रुति चौधरी रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप-2026 के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों को सम्मानित करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न एशियन गेम्स में भारत द्वारा जीते गए 85 पदकों में से 51 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने हासिल किए। इनमें 14 स्वर्ण पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि प्रदेश की खेल नीति और खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की खेल नीति के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। जमीनी स्तर पर आधुनिक खेल अवसंरचना विकसित करना खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है।



रोहतक। खिलाड़ियों के साथ हरियाणा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी।



रोहतक। श्रुति चौधरी को स्मृति चिंह देते हरियाणा फ्लोरबॉल एसो.के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र फौगाट ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेंद्र आर्य व खेल विभाग के निदेशक कुलताज सिंह।

फ्लोरबॉल को बढ़ावा देने से मजबूत होगी खेल संस्कृति : गजेंद्र फौगाट

हरियाणा फ्लोरबॉल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र फौगाट ने कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि पैदा करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। फ्लोरबॉल जैसे खेलों को प्रोत्साहन मिलने से प्रदेश में खेल संस्कृति मजबूत होगी और युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकेंगे। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निदेशक कुलताज सिंह ने भी कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। समारोह की मुख्य अतिथि श्रुति चौधरी ने एशियन गेम्स की पदक विजेता निशानेबाज सुरुचि फौगाट और मुक्केबाज प्रवीण हुड्डा के साथ-साथ फ्लोरबॉल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष रेनू डाबला, भाजपा युवा नेता दीपक निवास हुड्डा, फ्लोरबॉल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेंद्र आर्य, सचिव सुरजीत नैन, सह सचिव सुनील फोगाट, कोषाध्यक्ष सुशील शास्त्री, जाट संस्था के उपाध्यक्ष नरेश काला, मनमोहन गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया-ए को 49 रन से हराया

रोहतक के ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने दो बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया



रोहतक। भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच खेले गए तीसरे और अंतिम अनौपचारिक वनडे मुकाबले में भारत-ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए को 49 रनों से हरा दिया। हालांकि शुरुआती दोनों मैच जीतकर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली, लेकिन आखिरी मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने दिल जीतने वाला प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में हरियाणा के रोहतक जिले के उभरते हुए स्टार ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने अपनी जादुई गेंदबाजी से मैच का पासा पलटने में अहम भूमिका निभाई। मैच के दौरान जब ऑस्ट्रेलियाई टीम 276 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी, तो वह एक समय 3 विकेट पर 177 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में थी और आसानी से जीत की ओर बढ़ रही थी। निशांत ने पहले विकेट के रूप में सबसे पहले लियाम स्कॉट को प्रभसिमरन सिंह के हाथों कैच आउट किया। उसके धातक दिख रहे निशिल चौधरी को रन आउट किया। दूसरे के विकेट के रूप में विल सदरलैंड को आउट किया। निशांत ने अपनी सधी हुई गेंदबाजी के दौरान 8 ओवरों में मात्र 42 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। निशांत सिंधु के इस अहम ब्रेकथ्रू के बाद भारतीय गेंदबाजों ने मैच में जोरदार वापसी की। भारत ने इस मुकाबले को 49 रन से जीता।

21 से शुरू होगी राष्ट्रीय स्कूली खेल स्पर्धा
तीन खिलाड़ियों के अटके आयु सत्यापन

राष्ट्रीय खेलों का टिकट मिला एवीटी की अड़चन ने उलझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आगामी 21 अक्टूबर 2026 से शुरू होने वाली स्कूली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित रोहतक के युवा खिलाड़ियों के सामने आयु सत्यापन परीक्षण (एवीटी) की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। प्रक्रिया पूरी न होने से खिलाड़ियों और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। अभिभावकों ने बताया कि उन्होंने जब रोहतक सीएमओ से मुलाकात की, तो वर्ष 2022 के हरियाणा सरकार के आदेशों का हवाला देकर एवीटी करने में असमर्थता जताई। इसके विपरीत, सोनीपत, रेवाड़ी और भिवानी जैसे पड़ोसी जिलों में खिलाड़ियों का सुचारू रूप से आयु सत्यापन किया जा रहा है। रोहतक में यह सुविधा न मिलना भेदभावपूर्ण और चिंताजनक है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों ने अपनी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाई है।

3 खिलाड़ियों के एवीटी के लिए पत्र भेजा

हमने अपनी तरफ सारी कार्रवाई करके सिविल अस्पताल मुख्य अधिकारी को पत्र भेज दिया है कि तीन बच्चों का एवीटी किया जाए। ताकि खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले सके।

-संदीप दांगी, जिला शिक्षा खेल अधिकारी

अभी कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ

अभी मुझे ज्वाइन किए दो दिन हुए। शिक्षा विभाग की ओर से अभी कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। जैसे ही पत्र प्राप्त होगा बच्चों का एवीटी कर दिया जाएगा।

-डॉ. कमला वर्मा, सीएमओ, रोहतक

मामले की तत्काल समीक्षा करने की अपील

प्रशासनिक अड़चनों के कारण उन्हें प्रतियोगिता से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। चूँकि खिलाड़ी रोहतक के निवासी हैं, इसलिए स्थानीय स्तर पर एवीटी की व्यवस्था होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता की तारीख नजदीक है, ऐसे में अभिभावकों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से अपील की है कि मामले की तत्काल समीक्षा कर आदेश स्पष्ट किए जाएं। साथ ही, समय रहते उचित व्यवस्था सुनिश्चित हो ताकि रोहतक के प्रतिभावान खिलाड़ी बिना किसी बाधा के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकें। यह मामला केवल कागजी प्रक्रिया का नहीं, बल्कि युवाओं के सुनहरे भविष्य का है।

नेशनल ओपन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

रोहतक के धर्मबीर ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजधानी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 65वीं नेशनल ओपन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक (एक रजत और दो कांस्य) अपने नाम किए हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि पुरुष वर्ग की 4×100 मीटर रिले रेस में हरियाणा की टीम ने कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस पदक विजेता टीम में भिवानी के पंकज वर्मा, सोनीपत के प्रिंस, फरीदाबाद के शिवम वैष्णव और रोहतक के धर्मबीर शामिल रहे। इसके अलावा, महिला वर्ग के जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) इवेंट में फतेहाबाद की बेटी दीपिका ने कांस्य पदक जीता।


रोहतक। पंकज वर्मा भिवानी, धर्मबीर रोहतक और प्रिंस सोनीपत एवं शिवम वैष्णव फरीदाबाद ने रिले रेस में जीता कांस्य पदक। *फोटो :हरिभूमि*

मिक्स्ड रिले रेस में चमके आशीष फोगाट

4×400 मीटर मिक्स्ड रिले रेस में चरखी दादरी के आशीष फोगाट, सोनीपत के मोहित कुमार, जींद की तमन्ना और हिसार की मनीषा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राज्य के लिए रजत पदक जीता। इसी इवेंट में रेलवे स्पोर्ट्स की तरफ से खेलते हुए सोनीपत की किरण पहल ने भी स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा बनकर प्रदेश का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के ग्रीवेंस कमेटी सदस्य राजकुमार मिटान और एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हरियाणा एथलेटिक्स की नर्सरी है। संघ खिलाड़ियों को बेहतर डाइट, ट्रैक और कोचिंग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

एमडीयू की मूट कोर्ट प्रतियोगिता में दिव्या पल्लवी और श्रेया की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि विभाग और मूट कोर्ट सोसाइटी की ओर से आयोजित अंतरविभागीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 'प्रूडेंशिया-2026' में पल्लवी, दिव्या और श्रेया की टीम टीसी-24 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता, जबकि हिरांश, तनिषा और दीक्षा कुमारी की टीम टीसी-15 उपविजेता रही। मूट कोर्ट कमेटी के संयोजक प्रो. योगेन्द्र के संयोजन में हुई प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में टीसी-14, टीसी-13, टीसी-15 और टीसी-24 की टीमों ने अपने पक्ष में कानूनी तर्क रखे। विशेष पुरस्कारों में टीसी-14 की प्राची कौशिक को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता, टीसी-13 की नेहा को सर्वश्रेष्ठ वक्ता तथा टीसी-35 की आशना हरजाई, इशिका और सृष्टि वर्मा को सर्वश्रेष्ठ लिखित दलील (मेमोरियल) का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मुकाबले में निर्णायक मंडल की भूमिका जिला अटॉर्नी, झज्जर अनुज दहिया, उपनिदेशक अभियोजन, रोहतक आनंद मान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, झज्जर सुमित गर्ग तथा लोकिंदर सिंह फोगाट ने निभाई। कार्यक्रम का समापन डॉ. अंजलि के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



अंडर-11 जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आज से

रोहतक। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, रोहतक के तत्वावधान में 12 से 14 अक्टूबर 2026 तक अंडर-11 जिला स्तरीय लड़कों एवं लड़कियों की स्कूली खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में जिले के पांचों खंडों से ब्लॉक स्तर पर चयनित एवं विजेता रहे खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन को लेकर बीआरसी कार्यालय, रोहतक के बहुउद्देशीय सभागार में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 अक्टूबर को लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि 13 अक्टूबर को लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अंडर-11 जिला स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता (लड़कों एवं लड़कियों, दोनों वर्गों) का आयोजन 14 अक्टूबर 2026 को सर छोटूराम स्टेडियम, रोहतक में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 12 एवं 13 अक्टूबर को आयोजित नहीं होगी।

इन स्थानों पर होंगी प्रतियोगिताएं

जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए विभिन्न खेलों के आयोजन स्थल निर्धारित किए गए हैं। मानव रचना स्कूल, सुंडारिया में एथलेटिक्स, कबड्डी, टग ऑफ वॉर, खो-खो, शतरंज एवं कैरम की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सर छोटूराम स्टेडियम, रोहतक में जिम्नास्टिक, कुश्ती एवं योगासन की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। स्केटिंग प्रतियोगिता डीएवी स्कूल, आईएमटी, दिल्ली रोड, रोहतक में आयोजित होगी। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन, रोहतक में होंगे। इस प्रकार प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कबड्डी, टग ऑफ वॉर, खो-खो, शतरंज, कैरम, जिम्नास्टिक, कुश्ती, योगासन एवं स्केटिंग सहित कुल दस खेलों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। जिले के पांचों खंडों से चयनित खिलाड़ी संबंधित खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा ने सभी प्रतिभागियों एवं संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि खिलाड़ी अपने निर्धारित खेल आयोजन स्थल पर सुबह 8:30 बजे अनिवार्य रूप से रिपोर्ट करें।



चौथी अभिनंदन शूटिंग चैंपियनशिप

1100 निशानेबाजों ने दिखाया दमखम, आज होगा फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अभिनंदन शूटिंग अकादमी, रोहतक में आयोजित चौथी अभिनंदन शूटिंग चैंपियनशिप के पांचवें दिन खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। चैंपियनशिप में अब तक 1100 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले आज आयोजित किए जाएंगे। अभी तक क्वालिफिकेशन राउंड में देवीका, कनक, आयुष, हर्षित अपने-अपने इवेंट में आगे चल रहे हैं। पांचवें दिन अर्जुन अवॉर्डी एवं भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ बीएसएफ के कमांडिंग ऑफिसर हरि प्रकाश, राजस्थान से पहुंचे भारतीय शूटिंग टीम के कोच एवं अर्जुन अवॉर्डी ओम प्रकाश चौधरी तथा वार्ड नंबर 13 के पार्षद नरेश काला विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों में अनुशासन, मेहनत एवं निरंतर अभ्यास के महत्व पर जोर दिया।



चैंपियनशिप के आयोजक एवं अभिनंदन शूटिंग अकादमी के संस्थापक कोच संदीप नेहरा ने बताया कि प्रतियोगिता में अब तक 1100 खिलाड़ियों की भागीदारी इस आयोजन की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य युवा निशानेबाजों को ऐसा मंच देना है, जहां वे अपनी प्रतिभा निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें। कोच संदीप नेहरा ने सभी मुख्य अतिथियों, सहयोगी कोचों, अभिभावकों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

पठानिया स्कूल में हिंदी शिक्षण को प्रभावी बनाने पर कार्यशाला



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में 10 और 11 अक्टूबर 2026 को हिंदी विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (सीबीपी) का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 60 हिंदी अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण कौशल को निखारना और हिंदी शिक्षण को अधिक प्रभावशाली, रोचक व गतिविधि-आधारित बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रिसोर्स पर्सन सरिता शर्मा एवं सोनिया माथुर रहीं। उन्होंने अध्यापकों को नवीन शिक्षण विधियों और भाषाई कौशलों-श्रवण, वाचन, पठन एवं लेखन के सर्वांगीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा और कोऑर्डिनेटर आलोक हुड्डा उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी व सार्थक पहल बताया।

7वीं बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप वार्षिक दौड़ में रणबीर मलिक ने लगाई 10 किमी दौड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप की ओर से 7वीं वार्षिक दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में रणबीर मलिक, अजीत सिंह, संदीप कुमार, जयकुमार, सचिन दुहान और शिव कुमार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में रणबीर मलिक ने 10 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण का परिचय दिया। वहीं, संदीप कुमार (कोटा क्लासेज), अजीत सिंह, जयकुमार और सचिन दुहान को इस अवसर पर पदक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने दौड़ के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा समाज में फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

एमडीयू में एफडीपी का समापन

प्रो. गक्खड़ ने अकादमिक नेतृत्व व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

रोहतक। उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए शिक्षकों में प्रभावी नेतृत्व क्षमता, नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण और निरंतर सीखने की भावना जरूरी है। यह विचार हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, पंचकूला के उपाध्यक्ष तथा चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी और इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, रेवाड़ी के पूर्व कुलपति प्रो. एस.के. गक्खड़ ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक में आयोजित एक सप्ताह के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के समापन सत्र में व्यक्त किए। यूजीसी के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एमएमटीटीसी, एमडीयू तथा डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'अकादमिक नेतृत्व क्षमता: उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा' रहा। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका केवल विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर उप निदेशक डॉ. माधुरी हुड्डा समेत टीम डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद एवं प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।



स्वामी नित्यानंद पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

मानसिक रोग अभिशाप नहीं इलाज से होता ठीक : डॉ. सेठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस और सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था 'सप्तरंग' ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सामाजिक कलंक को मिटाने के लिए हाथ मिलाया है। इसी कड़ी में आज स्वामी नित्यानंद पब्लिक स्कूल में एक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अक्टूबर माह में चलाए जा रहे महीने भर के विशेष अभियान का हिस्सा है।कार्यक्रम का आयोजन पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के मनोरोग विभाग द्वारा सप्तरंग संस्था के सहयोग से किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगों तक यह संदेश पहुंचाना है कि मानसिक बीमारी कोई अभिशाप या कलंक नहीं है और इससे पीड़ित व्यक्ति को समाज से अलग-थलग नहीं करना चाहिए।

मानसिक बीमारियों को लेकर फैली हीनभावना सबसे बड़ी बाधा

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर मनोरोग विभाग की अध्यक्ष एवं आईएमएचएस की निदेशक कम सीईओ डॉ. सुजाता सेठी ने कहा कि समाज में मानसिक बीमारियों को लेकर जो हीनभावना और कलंक है, वही सबसे बड़ी बाधा है। डॉ. सुजाता सेठी ने कहा कि अक्सर लोग मानसिक बीमारी को पागलपन या पिछले जन्म के कर्मों से जोड़ देते हैं, जिससे मरीज और उसका परिवार टूट जाता है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि 10 में से 8 मरीज इसी कलंक और शर्म के कारण इलाज के लिए अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते और अंदर ही अंदर घुटते रहते हैं। मानसिक रोगियों के लिए 'पागल' जैसे शब्दों का प्रयोग बंद करना होगा, उनके प्रति अपनी राय बदलनी होगी और उन्हें बराबरी, सम्मान और गरिमा देनी होगी। उन्होंने कहा कि मानसिक रोग भी डायबिटीज और बीपी की तरह ही एक बीमारी है, जिसका पूरा इलाज संभव है।



मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को तोड़ा

कार्यक्रम में डॉ. आयुषी और डॉ. संदीप ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े आम मिथकों को तोड़ा। इस जागरूकता कार्यक्रम का सफल संयोजन सप्तरंग संस्था के रमणीक मोहन ने किया। इस अवसर पर संस्था की मुकेश, परमिंदर सिंह, अविनाश और देवेंद्र सहित स्कूल के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मानसिक रोगियों को सम्मान देने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

मुख्य टिकट निरीक्षक ने गाड़ी रुकवाने में दिखाई तत्परता

चलती ट्रेन के साथ 200 मीटर दौड़ी महिला आरक्षी मनीषा ने यात्री को मौत के मुंह से खींचकर बचाया

- साहस के लिए मनीषा को 1100 रुपये और कलम देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रेलवे सुरक्षा बल की महिला आरक्षी मनीषा ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए चलती रेलगाड़ी की चपेट में आए एक यात्री की जान बचा ली। यात्री के दोनों पैर प्लेटफॉर्म और रेलगाड़ी के पायदान के बीच फंस गए थे। ऐसे खतरनाक हालात में मनीषा ने अपनी जान की परवाह किए बिना यात्री का कॉलर पकड़ लिया और रेलगाड़ी के साथ करीब 200 मीटर तक दौड़ती रहीं। उनकी तत्परता और मुख्य टिकट निरीक्षक पवन कुमार की मदद से यात्री की जान बच सकी। इस साहसिक कार्य की रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने सराहना की।

जानकारी के अनुसार, यात्री प्लेटफॉर्म से चल चुकी रेलगाड़ी को पकड़ने के लिए दौड़ा। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और दोनों पैर रेलगाड़ी के पायदान तथा प्लेटफॉर्म के बीच फंस गए। स्थिति बेहद गंभीर थी और जरा सी चूक यात्री के लिए जानलेवा साबित हो सकती थी। इसी समय ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षी मनीषा की नजर यात्री पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए यात्री का कॉलर पकड़ लिया और उसे रेलगाड़ी की चपेट में आने से बचाने के लिए उसके साथ दौड़ने लगीं।

बड़ा हादसा टल गया

घटना को देखते हुए मुख्य टिकट निरीक्षक पवन कुमार ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने रेलगाड़ी के गार्ड और रेल प्रबंधक से संपर्क कर गाड़ी रुकवाई। इसके बाद यात्री को सुरक्षित बचाने में मदद मिली। महिला आरक्षी मनीषा और मुख्य टिकट निरीक्षक पवन कुमार की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया।

दूसरों के लिए भी प्रेरणादायक मनीषा

निरीक्षक संजीव सहगल, स्टेशन अधीक्षक बलराम मीना, रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी आरसी मीना और उपनिरीक्षक जसवीर सहित अन्य अधिकारियों ने महिला आरक्षी मनीषा के साहसिक कार्य की सराहना की। उनके इस कार्य को कर्तव्यनिष्ठा, बहादुरी और मानवता की मिसाल बताया गया। अधिकारियों ने मनीषा को 1100 रुपये की नकद राशि और एक बहुमूल्य कलम देकर सम्मानित किया। रेलवे कर्मचारियों ने कहा कि मनीषा ने संकट के समय जिस साहस और तत्परता का परिचय दिया, वह दूसरों के लिए भी प्रेरणादायक है।

रोहतक से पंडोह बांध के लिए आज से शुरू होगी रोडवेज बस सेवा

- मंडी के ऐतिहासिक मंदिरों, बिलासपुर की गोबिंद सागर झील और पंडोह बांध के साथ कुल्लू-मनाली के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंचना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा रोडवेज के रोहतक डिपो से हिमाचल प्रदेश के पंडोह बांध तक बस सेवा रविवार से शुरू होगी। बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। करीब 438 किलोमीटर के इस सफर का किराया 722 रुपये निर्धारित बताया गया है। बस पानीपत, चंडीगढ़, मोहाली, रूपनगर, बिलासपुर, सुंदरनगर और मंडी होते हुए पंडोह बांध पहुंचेगी।

समय-सारणी

रोहतक डिपो से बस का प्रस्थान सुबह 11:30 बजे और चंडीगढ़ पहुंचने का समय शाम 6:10 बजे दर्शाया गया है। मंडी के लिए रात 10 बजे और पंडोह बांध के लिए रात 11 बजे का समय दिया गया है। वापसी में पंडोह बांध से सुबह 5 बजे, मंडी से 5:30 बजे, बिलासपुर से 7 बजे और चंडीगढ़ से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान का विवरण है।

किराया 722 रुपये

महाप्रबंधक नवीन कुमार के अनुसार, रोहतक से चंडीगढ़ तक 250 किलोमीटर का किराया 315 रुपये, बिलासपुर तक 352 किलोमीटर का 495 रुपये और मंडी तक 420 किलोमीटर का किराया 675 रुपये बताया गया है। पंडोह बांध करीब 438 किलोमीटर के सफर का किराया 722 रुपये निर्धारित बताया गया है।

फर्जी चालान पर साइबर ठगी से बचें लोग: एसपी

रोहतक। फर्जी यातायात चालान और सरकारी नोटिस के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर जिला पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देशानुसार राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत विद्यार्थियों और आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के ग्यारहवें दिन सहायक उपनिरीक्षक सतीश और नशा मुक्ति टीम प्रभारी मोहन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मदीना में विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए। पुलिस ने कहा कि फर्जी चालान के संदेश पर बिना जांच भुगतान न करें और किसी संदिग्ध लिंक को न खोलें। साइबर ठगी होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं, ताकि रकम बचाने में मदद मिल सके।

ठगी होते ही 1930 पर करें शिकायत

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि साइबर ठगी का पता चलते ही बिना देरी किए साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत मिलने से संबंधित बैंक, वित्तीय संस्थान और साइबर पुलिस निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संदिग्ध खाते पर रोक लगाने, रकम को आगे दूसरे खातों में भेजे जाने से बचाएगी।

16 तक फसलों पर बारिश का खतरा, किसानों की सांसें अटकीं

धान, बाजरा और कपास की कटाई प्रभावित होने का डर

- मौजूदा मौसमी सिस्टम का असर 13 तक, 14 से नया विक्षोभ
- मंडियों में खुले में रखे धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका कटी फसल सुरक्षित रखने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



धान, बाजरा, कपास समेत खरीफ फसलों की कटाई के सीजन में अगले छह दिन किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण रह सकते हैं। हरियाणा में 16 अक्टूबर तक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव और कहीं-कहीं बारिश होने की आशंका है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 14 से 16 अक्टूबर के दौरान प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर आंशिक बादल छाए रहने तथा हवाओं और गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कटाई के इस दौर में बारिश होने से खेतों में खड़ी फसलों और कटाई के बाद खुले में रखी उपज को नुकसान पहुंचने की आशंका रहेगी।

खुले में धान भीगने की आशंका

इस समय धान की कटाई के साथ मंडियों में फसल की आवक भी जारी है। ऐसे में बारिश होने पर मंडियों में खुले में रखे धान के भीगने और उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। नमी बढ़ने से फसल की गुणवत्ता खराब हो सकती है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके अलावा बाजरा, कपास और अन्य खरीफ फसलों की कटाई भी मौसम से प्रभावित होने की संभावना है। खेतों में कटाई का काम चलने के कारण बारिश से कृषि गतिविधियों में बाधा आ सकती है। किसानों को चिंता है कि अचानक मौसम बदलने से उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 16 अक्टूबर तक मौसम दिशा में बदलाव के साथ उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल सकती हैं। ऐसे में किसानों को मौसम के पूर्वानुमान पर लगातार नजर रखनी चाहिए। कटी हुई फसल को खुले में छोड़ने से बचें और उसे सुरक्षित स्थान पर रखें, ताकि बारिश होने की स्थिति में नुकसान से बचा जा सके। में बदलाव और कहीं-कहीं बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके बाद प्रदेश में मौसम खुश्क रहने का अनुमान है।

हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना

कृषि मौसम विज्ञान विभाग ने 11 अक्टूबर को जारी पूर्वानुमान में बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव आया हुआ है। इसका असर 13 अक्टूबर तक रहने का अनुमान है। इसके बाद एक और पश्चिमी विक्षोभ के 13 अक्टूबर को पहाड़ी क्षेत्रों की तरफ बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से 14 से 16 अक्टूबर के दौरान हरियाणा में मौसम प्रभावित रह सकता है। इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की आशंका है।

सामान्य से कम हुआ तापमान

रविवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिन का अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.4 डिग्री कम था। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री की गिरावट आई। इसी तरह रात का न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री कम था। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 0.2 डिग्री की कमी दर्ज हुई।

6 माह से बैंसी व महम माइनर की टेल पर नहीं पहुंचा पानी

सिंचाई के अभाव में फसलें सूखी, किसानों ने सीएम को भेजी शिकायत

- निंदाना, भराण, तितरी खेड़ा और खेड़ी महम के किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट
- किसानों का आरोप, विभाग पानी चोरी रोकने में भी रहा विफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

पिछले छह महीने से बैंसी माइनर और महम माइनर की टेल पर पानी नहीं पहुंच रहा। दोनों माइनरों की टेल पर पानी न पहुंचने से इलाके के किसान परेशान हैं। फसलों की सिंचाई न होने की वजह से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। माइनरों की टेलों पर पानी पहुंचाने की मांग को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शिकायत भेजी है। शिकायत में किसानों ने सिंचाई विभाग के संबंधित अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता, एसडीओ, जेई और बेलदारों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। निंदाना गांव के किसान शमशेर नहरा ने बताया कि उनके खेत बैंसी माइनर तथा महम माइनर के टेलों की बुर्जी नंबर 23700 तथा 54000 तथा टेलों के आसपास की मोरियों 20500 तथा 53000 बुर्जी पर पड़ते हैं। सिंचाई विभाग के कर्मचारियों तथा अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते बैंसी माइनर तथा महम माइनर के टेलों पर पिछले छः महीने से नहरी पानी की आपूर्ति लगभग नगण्य रही है। इस सम्बन्ध में टेलों के किसानों ने सिंचाई विभाग कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तथा रोहतक जिला उपायुक्त कार्यालय में आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों में बार-बार शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बैंसी माइनर तथा महम माइनर के टेलों पर अपने हिस्से का नहरी पानी पहुंचाने की बार-बार अपील की लेकिन सिंचाई विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने हमारी अपीलों पर कोई ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी। बैसी माइनर तथा महम माइनर के टेलों पर नहरी पानी नहीं पहुंचने की बात तो छोड़िए टेलों के पीछे की बेंसी माइनर की 20500 की आमने-सामने की मोरियों तथा महम माइनर की 53 बुर्जी तथा 52 बुर्जी की आमने-सामने की मोरियों तक भी नहरी पानी नहीं पहुंचा। नहरी पानी नहीं पहुंचने के कारण किसानों की खरीफ फसलों की बिजाई नहीं हुई और जिन किसानों ने ट्यूबवैलों तथा बारिश के माध्यम से बिजाई की थी उनकी फसलें उनके हिस्से का नहरी पानी नहीं मिलने तथा मानसून की विफलता के कारण सूखे से दम तोड़ गई। जिस कारण बैंसी माइनर पर निन्दाना व भराण तथा महम माइनर पर तितरी खेड़ा, निन्दाना व खेड़ी महम के प्रभावित किसानों के लिए रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

माइनरों की सफाई भी नहीं करवाई

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने खरीफ सीजन में न तो माइनरों की सफाई करवाई और न ही हैडों की से गाद व रेत हटाई गई। धान उत्पादक किसानों द्वारा माइनरों की उखाड़ी गई मोरियों तथा प्लास्टिक पाइपों के माध्यम से की जा रही नहरी पानी की चोरी को रोकने का काम भी नहीं किया गया। बैंसी माइनर पर तो कुछ किसानों ने तो नहरी पानी चोरी के लिए मोगा नम्बर 13 हजार लेफ्ट से लेकर 15 बुर्जी तक समानांतर नाली खोदकर माइनर की पटरी उखाड़कर नाली में 14 इंची पाइप दबा रखा था।

रोहतक शुगर मिल के जोन 8 से जगदीश डायरेक्टर चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक शुगर मिल के जोन आठ से डायरेक्टर पद के चुनाव में जगदीश ने संदीप फोगाट को सात मतों से हराकर जीत दर्ज की। रजिस्ट्रार कार्यालय में हुए मतदान में जगदीश को 21 और संदीप फोगाट को 14 वोट मिले। कुल 37 मतदाताओं में से 35 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। जोन आठ के डायरेक्टर पद के लिए मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और शाम पांच बजे तक चला। चुनाव में संदीप फोगाट और जगदीश के बीच सीधा मुकाबला था। मतदान समाप्त होने के बाद मतों की गिनती की गई, जिसमें जगदीश को 21 मत मिले, जबकि संदीप फोगाट के पक्ष में 14 मत पड़े। इस तरह जगदीश ने सात मतों के अंतर से जीत हासिल की। कुल 37 मतों में से 35 मत डाले गए। इस प्रकार मतदान में करीब 94.6 प्रतिशत मतदाताओं ने भाग लिया। दो मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। जगदीश की जीत के साथ ही जोन आठ के डायरेक्टर पद का चुनाव संपन्न हो गया।

शिविर में 127 लोगों की हुई जांच निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की



रोहतक। साहस वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मोरखेड़ी गांव में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 127 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में पहुंचे चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें डॉ. रवि लांबा, डॉ. जतिन मलिक, डॉ. मोहित मान, डॉ. नेहा कंबोज और डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। साहस वेलफेयर सोसाइटी के इस सेवा कार्य को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता पवन ओहल्यान, अधिवक्ता विकास बालयान, कमल खोखर, सोमवीर ओहल्यान, रविंद्र ग्रेवाल, अजय लाकड़ा, अमित लांबा, रघुनंदन और अमित कादियान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए सोसाइटी और चिकित्सकों का आभार जताया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि समाज सेवा के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

भगवतीपुर में लॉर्ड बुद्धा सिटी के मुख्य तोरण द्वार का उद्घाटन

जापान, श्रीलंका, बर्मा और भारत से पहुंचे बौद्ध भिक्षु, शांति और भाईचारे का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भगवान बुद्ध के शांति, करुणा, मैत्री, समानता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ रोहतक के भगवतीपुर स्थित लॉर्ड बुद्धा सिटी के मुख्य तोरण द्वार का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षुओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। समारोह में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपनाकर शिक्षित, जागरूक, संगठित और समरस समाज के निर्माण का आह्वान किया गया। समारोह में जापान से भन्ते ज्यूंसई थैरासावा महाथेरा, श्रीलंका से भंते वप्प थेरो, बर्मा से भंते हृदय तथा भारत के अलीगढ़ से भंते बोधि रत्न की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। बौद्ध परंपरा से जुड़े इन विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी ने भगवान बुद्ध के विचारों, मानवीय मूल्यों और विश्व शांति के संदेश को विशेष महत्व प्रदान किया। समारोह के माध्यम से समाज में प्रेम, सद्भाव, आपसी सहयोग और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताते हुए कहा कि करुणा, विवेक और समानता पर आधारित समाज ही बेहतर भविष्य की नींव रख सकता है। कार्यक्रम में एससी मोर्चा के अध्यक्ष अजय खुंडिया भी विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने तोरण द्वार के उद्घाटन समारोह में भाग लिया और लॉर्ड बुद्धा सिटी की पहल की सराहना की।लॉर्ड बुद्धा सिटी की परिकल्पना को शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, समानता और भाईचारे के मूल्यों को बढ़ावा देने वाली पहल के रूप में देखा जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

एआई, टीजीटी, एचसीएस और यूपीएससी की तैयारी के लिए स्मार्ट क्लास का प्रस्ताव

महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए एंबुलेंस भेजने का आश्वासन

बहुअकबरपुर में चौपाल निर्माण के लिए सांसद कार्तिकेय शर्मा ने दिए 10 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बहुअकबरपुर गांव में सेन एवं ब्राह्मण समाज की संयुक्त चौपाल के निर्माण के लिए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। चौपाल में 36 बिरादरी के बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टीजीटी, एचसीएस और यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए स्मार्ट क्लास शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा गया। इसके लिए स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा अपनी संस्था के माध्यम से कक्षाओं के संचालन में सहयोग देने की पेशकश की गई। इसके अलावा युवाओं को फुटबॉल प्रशिक्षण और महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए एंबुलेंस भेजने का आश्वासन दिया गया।

युवाओं को शिक्षा व खेलों से जोड़ने पर जोर

महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए नमो शक्ति रथ के तहत बहुअकबरपुर व आसपास के गांवों में एंबुलेंस भेजी जाएगी। वहीं, पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने सामाजिक समरसता और नशामुक्ति के लिए युवाओं को शिक्षा व खेलों से जोड़ने पर जोर दिया।

ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में महंत सतीश दास, डॉ. आनंद शर्मा, मुकेश वशिष्ठ, धर्मवीर, सत्यवान, वीरेंद्र बल्हारा, पूर्व सरपंच कर्मवीर, विजयपाल शर्मा, मुरली वाल्मीकि, मेहर सिंह, जगदीश शास्त्री, राजवीर शर्मा, रणवीर सेन, देवी राम और ईश्वर शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

नशे से दूर रहें युवा

सांसद कार्तिकेय ने गांवों के विकास, युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और फुटबॉल के अवसर देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखकर सकारात्मक दिशा देते हैं।

अखिल नारंग दूसरी बार चुने गए जिला भट्ठा एसो. रोहतक के प्रधान



रोहतक। जिला भट्ठा एसोसिएशन रोहतक की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित की गई। इस दौरान नई कार्यकारिणी के गठन पर गहन मंथन किया गया। सभी सदस्यों ने पुरानी कार्यकारिणी पर अटूट विश्वास जताते हुए सर्वसम्मति से अखिल नारंग को लगातार दूसरी बार जिला भट्ठा एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया। बैठक में सुंदर तोमर को महामंत्री, पंडित बृजमोहन को खजांची तथा कुलदीप दहिया, नरेंद्र दलाल और नरेंद्र सरपंच फरमाना को उपप्रधान चुना गया। इसके साथ ही संदीप हसनगढ़, जयपाल कुंडू टिटौली, रवि कादयान कलानौर, सोमबीर कादयान कलानौर और जोगिंदर जून हसनगढ़ को कार्यकारी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुनः प्रधान चुने जाने पर अखिल नारंग ने सभी सदस्यों व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा भट्ठा व्यवसायियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी एकजुटता व निष्ठा के साथ काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में एसोसिएशन के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।